दिन– मंगलवार दिनांक– 16/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि –05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड स्थित पहणिया पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लिया। उन्होंने मां मुंडेश्वरी मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीते एक महीने में सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में से नब्बे प्रतिशत निष्पादित किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जनता से संवाद और जनता की समस्या का हल करना। इधर, मुख्यमंत्री का अगला कार्यक्रम सिवान जिले में निर्धारित है। वहां वे पचरुखी प्रखंड के पपौर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल होंगे तथा चार सौ पंद्रह करोड़ रुपये से अधिक की चौवालीस विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के बारह वर्ष पूरे होने पर आज से प्रदेश के सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अठारह जून तक चलने वाले इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण, सत्यापन, ई–केवाईसी तथा लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शिविरों में हेल्प डेस्क, प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की सहायता और स्वास्थ्य जांच शिविर की भी व्यवस्था की गयी है, जिससे लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन और सेवाएं आसानी से मिल सकें।

————————————————————

पूर्व मध्य रेल सत्रह जून को होने वाली मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर पाटलिपुत्र और पटना जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों से चौदह विशेष ट्रेनों का परिचालन करेगा। एडीजी रेल डॉक्टर कमल किशोर सिंह ने बताया कि परीक्षा में लगभग साढ़े पांच लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है, जिसे देखते हुये

आज और कल विभिन्न रूटों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। पाटलिपुत्र जंक्शन और पटना जंक्शन से अररिया, नवगछिया, भभुआ रोड, गया, बक्सर, राजगीर और झाझा सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी।

---

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले सुरक्षा और तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर विशेष ध्यान देते हुए इस पुनर्परीक्षा के लिए राज्य सरकारों की तैयारियों की समीक्षा की। गृह सचिव ने सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया। श्री मोहन ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से विद्यार्थियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने बताया है कि आगामी नीट यूजी पुनर्परीक्षा दो हजार छब्बीस के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा शुरू होने के चौबीस घंटों के भीतर ही दस लाख से अधिक उम्मीदवारों ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिए हैं। एजेंसी ने कहा है कि सभी उम्मीदवारों के लिए सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उनकी टीम सर्वरों पर लोड की लगातार निगरानी कर रही हैं। एजेंसी ने यह भी आश्वासन दिया है कि सभी उम्मीदवारों को परीक्षा से पहले समय पर प्रवेश पत्र मिल जाएंगे।

---

इक्कीस जून को निर्धारित राष्ट्रीय प्रवेश और पात्रता परीक्षा–नीट यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा को देखते हुए सरकार ने बाईस जून तक टेलीग्राम ऐप पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एनटीए ने सीमित और निश्चित अवधि के लिए टेलीग्राम एक्सेस पर रोक लगाने के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्णय का स्वागत किया है। एनटीए ने कहा कि यह प्रतिबंध पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगा। एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम को तीस तारीख तक पहले से पोस्ट किए गए संदेशों को संपादित करने की सुविधा को भी बंद करने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान औरंगाबाद, अरवल और रोहतास जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।